समाचार

# बड़े बकायादारों पर सख्त कार्यवाही की तैयारी में निगम, कुर्क की जाएगी सम्पत्ति

## (01 लाख रू. से अधिक राशि के 100 बकायादारों के नाम निगम ने किए सार्वजनिक, बकाया राशि जमा करने दिया अंतिम अवसर)

### (10 जनवरी तक जमा करें सम्पूर्ण बकाया राशि अन्यथा कार्यवाही हेतु रहे तैयार)




कोरबा 27 दिसम्बर 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने राजस्व वसूली के प्रति कड़ा रूख अख्तियार किया हुआ है, उनके निर्देश पर नगर पालिक निगम कोरबा के ऐसे 100 बड़े बकायादारों जिन पर 01 लाख रूपये से अधिक की राशि बकाया है तथा उनके द्वारा यह राशि जमा नहीं कराई जा रही, पर निगम सख्त कार्यवाही करने की तैयारी कर रहा है, इन 100 बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक करते हुए निगम द्वारा इन्हें बकाया कर राशि जमा करने का अंतिम अवसर दिया गया है, यदि उनके द्वारा 10 जनवरी तक सम्पूर्ण बकाया राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जाती तो नियमों के तहत कुर्की आदि की कार्यवाही की जाएगी।

आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर निगम कोरबा द्वारा बड़े बकायादारों पर सख्त कार्यवाही किए जाने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत निगम के 100 ऐसे बड़े बकायादारों जिन पर 01 लाख रूपये से अधिक की राशि बकाया है, की सूची तैयार कर निगम द्वारा सार्वजनिक की गई है। इन अधिकांश बकायादारों को निगम द्वारा नियमानुसार अभियाचन बिल, डिमांड नोटिस व वारंट आदि जारी किए गए है, साथ ही बकायादारों को नोटिस व वारंट जारी भी किए जा रहे हैं। निगम द्वारा इन बकायादारों को 10 जनवरी तक बकाया कर राशि जमा करने का अंतिम अवसर दिया गया है, यदि उनके द्वारा सम्पूर्ण बकाया राशि इस अवधि में जमा नहीं कराई जाती, तो आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुए नियमानुसार कुर्की आदि की कार्यवाही की जाएगी।

**17 ऐसे बकायादार जिन पर 03 लाख से 12 लाख रू. तक बकाया** – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि निगम के 17 ऐसे बकायादार हैं, जिन पर 03 लाख रूपये से लेकर 12 लाख रूपये तक की राशि बकाया है, ऐसे बकायादारों में वार्ड क्र. 32 में सृष्टि इस्टीट्यूट 12,36,287 रूपये, वार्ड क्र. 10 में अशोक कुमार मोदी 7,07,466 रूपये, रामभगत मित्तल 7,69,842 रूपये, मोहनलाल अग्रवाल 7,96,801 रूपये,

शकुंतला देवी 5,87,520 रूपये, वार्ड क्र. 12 में बलविन्दर सिंह 6,78,944 रूपये, वार्ड क्र. 02 में भूमि स्वामी शिवम मोटर्स भवन स्वामी अनमोल मोटर्स कैलाश गुप्ता 7,19,480 रूपये, संजय कुमार अग्रवाल महेन्द्र सर्विस आटो सेंटर 4,76,010 रूपये, गुलशन अरोरा 3,19,521 रूपये, वार्ड क्र. 16 में एस.के. इंडस्ट्रीज श्रीमती शैल खरे 3,72,917 रूपये, कृष्णा इंडस्ट्रीज 3,44,037 रूपये, वार्ड क्र. 22 निवासी सत्यनारायण जायसवाल 6,58,773 रूपये, श्रीमती भानू मलिक श्याम मलिक सजल मलिक सुजीत मलिक 4,11,670 रूपये एवं 1,35,428 रूपये, वार्ड क्र. 25 निवासी विष्णु अग्रवाल 6,61,435 रूपये, वार्ड क्र. 29 निवासी साहेब अली रिजवी 5,62,844 रूपये, वार्ड क्र. 35 निवासी राकेश मुकेश व राजेश 3,88,965 रूपये, वार्ड क्र. 48 निवासी सूर्यभवन सिंह 3,17,660 रूपये आदि बकायादार शामिल हैं।

**इन 100 बकायादारों पर 01 लाख रू. से अधिक का बकाया** – निगम के जिन बड़े बकायादारों पर 01 लाख रूपये से अधिक की राशि बकाया है, उनमें में वार्ड क्र. 02 निवासी हरवंश सिंह 1,44,824 रूपये, होमशंकर राजवाड़े 1,42,249 रूपये, नंदलाल साहू 2,23,568 रूपये, गुलशन अरोरा 3,19,531 रूपये, सर्वजीत सिंह 1,62,318 रूपये, कशमीर सिंह 1,26,659 रूपये, शिवकुमार अग्रवाल 2,27,246 रूपये, पवन कुमार अग्रवाल 1,40,031 रूपये, मीना अग्रवाल 2,63,123 रूपये, शिवम मोटर्स–अनमोल मोटर्स 7,19,480 रूपये, नरेन्द्रपाल अरोरा एवं राकेश अरोरा योगेश अरोरा नवीन अरोरा 1,20,646 रूपये, संजय कुमार अग्रवाल 4,76,010 रूपये, वार्ड क्र. 06 निवासी मोहनलाल अग्रवाल 1,40,111 रूपये, वार्ड क्र. 07 निवासी रामावतार अग्रवाल 1,45,305 रूपये, कामकुमारी 2,41,035 रूपये, महेन्दर कौर श्याम कौर एवं हरदीप सिंह 1,00,872 रूपये, वार्ड क्र. 08 निवासी गंगा बाई 1,03,687 रूपये, वार्ड क्र.10 निवासी निरंजन अग्रवाल 2,42,028 रूपये, बी.पी.मोदी 1,66,899 रूपये, मुरली मोदी एवं अन्य 1,40,886 रूपये, अशोक कुमार मोदी संजय मोदी राजा मोदी 7,07,466 रूपये, ओमप्रकाश अग्रवाल 1,47,091 रूपये, रामभगत मित्तल 7,69,842 रूपये, मोहनलाल अग्रवाल 7,96,801 रूपये, शकुंतला देवी 5,87,520 रूपये, चित्रलेखा चंदेल 2,05,578 रूपये, नथमल मुरारका 1,10,655 रूपये, वार्ड क्र. 11 निवासी शिव कुमार अग्रवाल 1,10,820 रूपये, मामनचंद अग्रवाल 1,03,468 रूपये, विजय सोनी 1,16,798 रूपये, गोमती बाई अग्रवाल 1,18,986 रूपये, मुरारी लाल अग्रवाल 1,38,176 रूपये, गोमतीबेन पटेल 1,37,002 रूपये, सुखलाल जैन 1,39,320 रूपये, अंगूरीदेवी पाल 1,28,362 रूपये, वार्ड क्र. 12 निवसी मोहम्मद सलीम 1,03,670 रूपये, कैलाश कुमार अग्रवाल 1,32,669 रूपये, बलविन्दर सिंह 6,78,944 रूपये, पुनाई बाई 1,04,283 रूपये, वार्ड क्र. 13 निवासी श्रीमती राशि कुकरेजा दीपक कुकरेजा 1,08,325 रूपये, मेमर्स सूरत गुड्स ट्रांसपोर्ट गोदावरी देवी 1,17,528 रूपये , अश्वनी भूटानी 1,09,548 रूपये, रामकुमार साहू 1,48,068 रूपये, गायत्री देवी अग्रवाल 1,20,098 रूपये, दाउद हुसैन 1,43,585 रूपये, मनोज मित्तल 1,51,796 रूपये , दिनेश कुमार सिंह 1,98,810 रूपये, एम.डी.माखीजा 1,52,256 रूपये, गीतादेवी सोनी 1,88,569 रूपये, शशिकांत माखीजा 2,36,933 रूपये, राकेश अग्रवाल 1,11,807 रूपये, टी.प्रसाद रितु साहू 1,13,847 रूपये, अनिशा तिवारी 1,01,349 रूपये, प्रेमश्रीभाई पटेल 1,24,192 रूपये, भगवानदास पटेल 1,47,611 रूपये, मुकेश सिंह 2,32,951 रूपये, गोविंद मित्तल 1,17,816 रूपये, निरंजन लाल अग्रवाल 1,55,058 रूपये, वार्ड क्र. 16 निवासी सर्वमंगला कांक्रीट इंड. –सूर्यकांत मिश्रा 2,33,120 रूपये, एस.के. ब्रिक्स प्लांट–रामावतार अग्रवाल 2,48,396 रूपये, एस.के. इंडस्ट्रीज–श्रीमती शैल खरे 3,72,917 रूपये, सांई इंड.–सुभाष अग्रवाल 2,72,252 रूपये, कृष्णा इंड.–सुनील कुमार अग्रवाल 3,44,037 रूपये , सत्यम इंड.–श्रीमती कोमल माखीजा 2,42,189 रूपये, वार्ड क्र. 17 निवासी बी.आर.नायडू 1,13,722 रूपये, सबा रेड रोज स्कूल 1,02,616 रूपये, वार्ड क्र. 22 निवासी सत्यनारायण जायसवाल 6,58,773 रूपये, आरिफ खान 2,70,893 रूपये, सुखलाल पटवारी 1,85,524 रूपये, दूरसंचार विभाग 1,98,578 रूपये, श्रीमती भानू मलिक श्याम मलिक सजल मलिक सुजीत मलिक 4,11,670 रूपये एवं 1,35,428 रूपये, वार्ड क्र. 25 निवासी विष्णु अग्रवाल 6,61,435 रूपये, वार्ड क्र. 28 में एसियाटिक आक्सीजन 1,29,849 रूपये , विष्णु प्रसाद अग्रवाल 2,26,686 रूपये, चंदन मजूमदार 1,04,008 रूपये, चंदन शर्मा 1,38,937 रूपये, वार्ड क्र. 29 निवासी साहेब अली रिजवी 5,62,844 रूपये, वार्ड क्र. 31 निवासी गोपाल प्रसाद कश्यप 1,02,852 रूपये, कृष्णा देवी शर्मा 1,30,640 रूपये, वार्ड क्र. 32 निवासी दीपनारायण सोनी, 1,08,401 रूपये, सृष्टि इस्टीट्यूट 12,36,287 रूपये, वार्ड क्र. 33 निवासी सतेन्द्र शर्मा 2,24,590 रूपये, विजय कुमार जायसवाल

1,34,416 रूपये, राकेश कुमार 1,12,902 रूपये, शशिदेवी मिश्रा 1,49,379 रूपये, वार्ड क. 34 में चंद्रा शिक्षण समिति स्कूल 1,52,293 रूपये, वार्ड क. 35 निवासी राकेश मुकेश राजेश 3,88,965 रूपये, सुभाष मुखर्जी 1,83,498 रूपये, वार्ड क. 36 में न्यू कार्बन प्रा.लि. 1,65,317 रूपये, मोहम्मद रसूल 1,10,419 रूपये, वार्ड क. 37 निवासी अनिमेश अशोक अरूण 1,21,241 रूपये, वार्ड क. 47 निवासी सतेन्द्र साहू 2,60,587 रूपये, वार्ड क. 48 निवासी सूर्यभवन सिंह 3,17,660 रूपये, वार्ड क. 51 निवासी के.एल.गोस्वामी 1,16,739 रूपये, धनंजय सिंह 1,08,356 रूपये, वार्ड क. 52 निवासी मूलतान कुरैशी 1,33,629 रूपये तथा वार्ड क. 61 निवासी राजकुमार तिवारी 1,21,423 रूपये आदि बकायादार शामिल हैं।

**बकाया राशि जमा करें, असुविधा से बचें** – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने बकायादारों से पुनः कहा है कि वे सम्पूर्ण बकाया राशि निगम कोष में तुरंत जमा कराएं तथा निगम द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचें। उन्होने कहा है कि करों का भुगतान निश्चित समय पर करना करदाताओं की स्वयं की जिम्मेदारी है, करों से प्राप्त राशि के द्वारा ही निगम नगर के विकास व मूलभूत सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करता है, समय पर कर राशि जमा न करने से एक ओर जहॉ निगम को आर्थिक क्षति होती है, वहीं दूसरी ओर नगर के विकास व मूलभूत सुविधाओं की बेहतरी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, साथ ही करदाताओं पर अनावश्यक बकाया राशि का भार बढ़ता जाता है, अतः कर राशि समय पर जमा करें, नगर के विकास में अपना सहयोग दें, एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।